an>

Title: Need to restart construction work on the vacant land in Mumbai East especially in Borivali and Malad areas in Maharashtra.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया।

महोदय, मुंबई शहर में जब वर्ष 2010 में आदर्श मामला सामने आया था तो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने एक सर्कुलर निकालकर यह कहा कि रक्षा विभाग के अगल-बगल जितनी जमीन हैं, अगर उस पर डेवलपमेंट करना है तो उनकी एनओसी लेनी चाहिए, उनको इनफार्म करना चाहिए। उसके एक साल बाद, वर्ष 2011 में रक्षा विभाग के लोगों ने एक सर्कुलर निकालकर यह कहा कि उसके 500 मीटर तक अगर किसी को डेवलपमेंट का काम करना है तो हमारी एनओसी लेने की आवश्यकता होगी। यह ठीक है, लेकिन पिछले चार-पांच साल में उन्होंने एक भी एनओसी नहीं दी है और लगातार पांच साल से सारे डेवलपमेंट के कामों को बंद करके रखा है। वर्ष 2014 के लोक सभा चुनाव के समय एमओएस स्वयं मुंबई आए थे और आश्वासन दिया था कि हम तुरंत इस सर्कुलर को विदड्रॉ करेंगे, इसमें सुधार करेंगे। लेकिन नई सरकार आने के बाद हम सम्माननीय मंत्री जी से मिले, एमओएस से मिले। इस सभागृह में किरीट सोमैया जी और मैंने कॉलिंग अटेंशन मूव किया। हमको आश्वासन दिया गया, लेकिन रक्षा विभाग के सचिव â€¦ * ने इतने समय बाद भी इसका कोई अंतिम निपटारा नहीं किया। It is a very important issue. I will take only one more minute. अगर किसी विभाग का अधिकारी एक सर्कुलर निकालकर पांच साल लगातार डेवलपमेंट के कामों को बंद रखता है तो मुझे लगता है कि लोक सभा, विधान सभा या न्याय मंडल की इस देश में आवश्यकता ही नहीं है। मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा, आज दोपहर में किरीट सोमैया जी, शेवाले जी और मैंने उनसे मुलाकात की। उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि तुरंत इस सर्कुलर विदड्रॉ करेंगे।

मैं इस सभागृह के माध्यम से मांग करता हूं कि ऐसे अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Arvind Sawant and

Shri Rahul Shewale are allowed to associate with this issue.